हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 9 मार्च 2026
[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 21. 0 डिग्री

उत्तम शिक्षा की व्यवस्था करना धर्म का काम : शर्मा
4



## खबर संक्षेप

### 1 लाख 24 हजार किसानों के खाते में आएगी पीएम किसान सम्मान निधि

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13 मार्च को योजना की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम के गुवाहाटी से शाम 5 बजे पात्र किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि जारी करेंगे। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के 1 लाख 24 हजार पात्र किसानों को इस योजना का लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत 9.32 करोड़ किसानों के खातों में 18,650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी जाएगी। जिले में इस दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर किसान बैठकों का आयोजन किया जाएगा तथा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। उप संचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि वे पीएम किसान पोर्टल पर अपना फार्मर आईडी बनाकर ई-केवाईसी और आधार सीडिंग की प्रक्रिया जल्द पूरी कर लें, ताकि किस्त प्राप्त करने में किसी प्रकार की बाधा न हो। किसान फार्मर आईडी, ई-केवाईसी और आधार सीडिंग के लिए नजदीकी चॉइस सेंटर, सीएससी सेंटर या ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

### एक शाम खाटू वाले के नाम भजन संध्या 11 को

**सक्ती।** एक शाम खांटू वाले के नाम भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 11 मार्च को होगा। कार्यक्रम कको लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। भजन कार्यक्रम का आयोजन नवधा चौक कान्हा निवास अर्जुनलाल रामकुमार ज्वेलर्स में किया जाएगा। भजन संध्या शाम 6:31 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम को यादगार बनाने देश के मशहूर भजन गायक सौरभ शर्मा कलकत्ता एवं परविंदर पलक हरियाणा अपने मधुर भजनों से भक्तों को रिझाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों में राजेश सराफ, हर्षल सराफ, रवि सराफ, कपील सराफ,अनुज सराफ, आलोक सराफ और दिनेश सराफ जुटे हुए है। आयोजन समिति द्वारा तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। आयोजकों द्वारा सभी श्याम भक्तों से अधिक संख्या में पहुंचकर भजन संध्या में शामिल होने आग्रह किया है।

### 31 मार्च से 11 अप्रैल तक पैसेंजर के रूप में चलेगी हसदेव एक्सप्रेस

**जांजगीर-चांपा।** बिलासपुर झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन परियोजना पर किए जा रहे कार्य को लेकर कोरबा से रायपुर के बीच रोजाना चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा बिलासपुर के मध्य पैसेंजर के रूप में चलाई जाएगी। इसके अलावा कई गाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित रहेगा। हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथीलाइन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में बिलासपुर चांपा सेक्शन के मध्य अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्रीनॉन-नॉनइंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। कार्य को लेकर 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल तक गेवरा रोड से चलने वाली गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा से चलने वाली कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल 2026 तक बिलासपुर व गेवरा रोड से चलने वाली बिलासपुर-गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 31 मार्च से 11 अप्रैल तक बिलासपुर व कोरबा से चलने वाली बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 5 से 11 अप्रैल तक बिलासपुर से चलने वाली 58210 बिलासपुर-गेवरा रोड पैसेंजर रद्द रहेगी।

### पीथमपुर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, 15 दिवसीय मेला शुरू

# नागा साधुओं की अगुवाई में निकली कलेश्वरनाथ की बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुण्य सलिला हसदेव नदी के पावन तट पर रंगपंचमी के दिन चांदी की पालकी में सवार बाबा कलेश्वरनाथ की बारात निकली तो उस बारात में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान देश के विभिन्न अखाड़ों से आए नागा साधुओं की टोली ने करतब दिखाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। शिव बारात के साथ ही पीथमपुर में 15 दिवसीय मेले का शुभारंभ हो गया है। बारात में सुरक्षा को ध्यान में रखकर पूरे समय पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी।

जिला मुख्यालय से लगभग 13 किमी की दूरी पर पीथमपुर स्थित बाबा कलेश्वरनाथ का प्रसिद्ध मंदिर है, जो हसदेव नदी के पावन तट पर स्थित है। रविवार 8 मार्च को नागा साधुओं की अगुवाई में बाबा कलेश्वरनाथ की भव्य बारात चांदी की पालकी में सवार होकर निकली तो बाराती बनने के लिए लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा। इसके अलावा हसदेव नदी के तट पर बसे पीथमपुर में 15 दिवसीय भव्य मेला का शुभारंभ धूलपंचमी के साथ शुरू हो गया। यह परंपरा सवा सौ साल से अधिक पुरानी है। चांदी की पालकी में विराजमान भगवान कलेश्वरनाथ की प्रतिमा को पालकी निकालने के पूर्व विधिवत रूप से श्रृंगार किया गया। इसके बाद नागा साधुओं की उपस्थिति में बाबा कलेश्वरनाथ की बारात निकाली गई। बारात में बिखरे बाल, नागा साधुओं की उपस्थिति, हाथ में त्रिशूल तथा चिमटा लिए नागा साधु बाबा कलेश्वरनाथ की बारात में शामिल हुए। इसके साथ पीथमपुर सहित आसपास के गांवो के लोग भी बारात में पहुंचकर इसके गवाह बने। नगर भ्रमण के बाद बाबा कालेश्वर नाथ की प्रतिमा को हसदेव नदी के तट पर ले जाया गया, जहां विधि-विधान के साथ प्रतिमा का स्नान कराया गया और उसके बाद भव्य महाआरती की गई। मेले में उखरा, सौंदर्य प्रसाधन, मनिहारी दुकान, शादी विवाह सामग्री, पंखा, लोहे के घरेलु सामान, बर्तन व कपडा दुकान के साथ झूला आदि लोगों के मनोरंजन का साधन बना हुआ है। रंग पंचमी के अवसर पर पीथमपुर में निकलने वाली शिव बारात के मद्देनजर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी।



कलेश्वरनाथ की बारात में उमड़ा जनसैलाब।



बारात में शामिल नागा साधु।

## धूल पंचमी पर हुई डंगाही होली

# पंतोरा में दिखी बरसाने की झलक कुंवारी कन्याओं ने बरसाई लाठियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

बलौदा ब्लाक के ग्राम पंतोरा में राधा के गांव बरसाने की झलक दिखाई पड़ी। यहां धूल पंचमी पर रविवार 8 मार्च को लठमार होली मनाई गई। हाथ में छड़ी थामे कुंवारी कन्याओं की टोली ने आने-जाने वाले हरेक व्यक्ति पर अपनी छड़ी बरसाई।

बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंतोरा में लठमार होली खेलने की परंपरा सालों से चली आ रही है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां की लठमार होली होली त्यौहार के पांचवे दिन धूलपंचमी के दिन खेली जाती है। इसी मान्यता अनुसार रविवार 8 मार्च को पंतोरा में लठमार होली की धूम रही। इसे ग्रामीण बोल-चाल की भाषा में डंगाही होली कहते है। पंचमी की अलसुबह ग्रामीण कोरबा जिले के मड़वारानी के जंगल गए, जहां से बांस की छड़ियां लाई गई। बताया जाता है कि टांगी से एक ही बार में कटने वाली छड़ी को लाया जाता है। वे छड़ियां लेकर सीधे मंदिर पहुंचे जहां दोपहर बाद लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। खास कर गांव की 15 साल तक की कुंवारी कन्याएं पहले पंक्ति में रही। इस दौरान छड़ियों की पूजा-अर्चना हुई। तत्पश्चात गांव के बैगा ने ग्राम देवता की पूजा अर्चना की और भवानी मंदिर में 9 कन्याओं की 9 देवियों की रूप में पूजा अर्चना करके उन्हें बांस की छड़ी थमाई गई। तत्पश्चात कुंवारी कन्याओं ने ग्राम देवताओं ने 7-7 बार छड़ियां बरसाई और इसके बाद वे लोगों पर छड़ियां बरसाते बस्ती की ओर निकल पड़ी। इस दौरान सभी ने छड़ियों से मार खाकर डंगाही होली की परंपरा का निर्वहन किया गया।



लोगों पर छड़ी बरसाती कन्याएं।

### नौ कन्याओं की हुई पूजा-अर्चना

डंगाही होली मनाने के पूर्व 9 कुंवारी कन्याओं की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद कुंवारी कन्याएं लोगों पर बांस की छड़िया बरसाई। पंतोरा में मनाई जाने वाली डंगाही होली को देखने पंतोरा, खैजा, बोकरामुड़ा, पहरिया, पोंच, खिसोरा, जावलपुर, जर्वे, हरदी महामाया के अलावा पड़ोसी जिला कोरबा, बिलासपुर से लोग पहुंचे। वहीं मान्यता है कि इस कुंवारी कन्याओं द्वारा बरसाई गई छड़ी की मार से पुराना से पुराना रोग जड़ से खत्म हो जाता है।

# गोरखा पाली घटना मामले में घायल कोटवार की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा थाना क्षेत्र के गोरखा पाली में हुई घटना मामले में कोटवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले को लेकर परिजन एवं ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, जिसे देखते हुए गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई। वहीं परिजनों को समझाइश देने के बाद मामला शांत हुआ।

मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोरखा पाली में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। साथ ही मामले को लेकर दोनों पक्षों के द्वारा मालखरौदा थाने में बुधवार 4 मार्च को मामला दर्ज कराया गया था। इस घटना में गांव के कोटवार रथ रामगोंड गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे पहले इलाज के लिए स्थानीय स्तर पर भर्ती कराया गया था। वही उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रेफर किया गया था। इधर जिंदगी एवं मौत के बीच जूझ रहे कोटवार ने रविवार 8 मार्च को दम तोड़ दिया। इसके बाद पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही उपरांत परिजन जब शव लेकर गांव पहुंचे तो मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ग्रामीण एवं परिजन प्रदर्शन करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मालखरौदा थाना के साथ आसपास से भी पुलिस वालों की तैनाती की गई। इस बीच परिजन एवं ग्रामीण निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़े रहे। मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन देने के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद मृतक कोटवार के शव को कफन दफन किया गया। सक्ती जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल का कहना है कि ग्राम पंचायत गोरखा पाली में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इस मामले में गांव की कोटवार की इलाज के दौरान मौत हुई है। इस घटना को लेकर परिजनों ने जांच की मांग की है उनकी बातों को सुना गया है साथ ही साथ मामले की जांच की जाएगी।

**खास बात**
- निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी पकड़ाए

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 1 महिला सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दिगेंद्र डहरिया निवासी अमरताल के कब्जे से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इसके अलावा न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर लंबे समय से फरार चल रहे एक महिला सहित 3 वारंटियों को भी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार वारंटियों में एक महिला भी शामिल है, जो काफी समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रही थी।

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के ग्राम सेमरा-अवरीद में पेप्सी पिकअप वाहन और बाइक में आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त किया है। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र की है।

- नवागढ़ थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार ग्राम भैंसों मदनपुर निवासी अभिषेक कश्यप अपनी मां को लेकर ग्राम अवरीद रिश्तेदार के यहां पहुंचा था। मां को शादी समारोह में छोडऩे के बाद वह अपनी बाइक प्लेटिना क्रमांक-सीजी11बीएच 3513 से वापस घर लौट रहा थ। इस दौरान सेमरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन चालक ने ग्राम सेमरा-अवरीद मोड़ तालाब के पास लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही बाइक को जोरदार ठोकर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक अभिषेक कश्यप सड़क किनारे जा गिरा और गंभीर रुप से घायल हो गया। इसे देख आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल युवक अभिषेक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़ में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर नवागढ़ पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची, जहां से पिकअप वाहन और बाइक को जब्त किया गया। पुलिस ने पिकअप वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मृतक अभिषेक कश्यप के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम कराया गया,जिसके बाद अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनो को सौंप दिया गया है। पुलिस मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में जुटी है। इधर सड़क हादसे में हुए युवक की मौत के बाद परिजनों रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



शव के पास विलाप करते परिजन।

### 26 लाख रुपए के 219 गुम मोबाइल को पुलिस ने किया बरामद

**जांजगीर-चांपा।** सायबर पुलिस की सक्रियता से 2 माह के भीतर अलग-अलग जिला क्षेत्रो से कुल 219 नग गुम मोबाइल को खोज निकालने में बड़ी सफलता मिली है। मोबाइल की अनुमानित कीमत करीबन 26 लाख 28 हजार रुपये बताई जा रही है, जिसमे विवो कम्पनी के 57 नग मोबाईल, रियलमी के 41 नग, रेडमी के 29 नग, ओप्पो के 23 नग, पोको के 19 नग, वनप्लस, मोटोरोला के 9- 9 नग, सैमसंग के 8 नग, टेक्नो के 6 नग, इन्फिनिक्स, आईक्यू और नथिंग कम्पनी के 5- 5 नग, आईटेल, एआई प्लस, एप्पल कम्पनी के 1-1 नग मोबाईल शामिल है। आम जनता की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए मोबाइल को बरामद कर उन्हें तत्काल पुलिस अधीक्षक मोबाइल धारक (मालिक) को दिया गया। गुम मोबाइल धारकों द्वारा अपना मोबाइल पाने से, उन लोगों के चेहरे में आयी मुस्कुराहट देखी गई।

## अकलतरा विधायक ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर स्वास्थ्य मंत्री का कराया ध्यानाकृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को गंभीर बताते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आम नागरिकों को सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का उद्देश्य रखा गया था, लेकिन जिले में जमीनी स्तर पर इसकी स्थिति चिंताजनक दिखाई दे रही है।



विधानसभा में चर्चा के दौरान विधायक ने आरोप लगाया कि जिले में टीबी, मलेरिया उन्मूलन, कुष्ठ रोग नियंत्रण, मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा सिकलसेल जैसे कार्यक्रमों की नियमित स्क्रीनिंग और उपचार ठीक से नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई योजनाओं में लक्ष्य के मुकाबले उपलब्धि केवल 30 से 45 प्रतिशत के आसपास है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था की कमजोर स्थिति को दर्शाता है। विधायक ने यह भी कहा कि सिकलसेल जांच के मामले में जांजगीर-चांपा की स्थिति प्रदेश में काफी पीछे बताई जा रही है। विधायक ने चर्चा के दौरान आंकड़ों और जमीनी हकीकत में अंतर होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में सोनोग्राफी जैसी महत्वपूर्ण जांच नियमित रूप से उपलब्ध नहीं है और कई बार मरीजों को शुगर व बीपी जैसी सामान्य जांच के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मोतियाबिंद ऑपरेशन, एक्स-रे और सोनोग्राफी जैसी सेवाओं का भी जिलेवासियों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण गरीब और ग्रामीण परिवारों को मजबूरन निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने सदन में जवाब देते हुए कहा कि जांजगीर-चांपा जिले में स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से संचालित हो रही हैं और आम जनता को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है।

**सीएमएचओ को कारण बताओं नोटिसः**-विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह द्वारा विधानसभा में लगाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में जिले की सीएमएचओ डॉक्टर अनीता श्रीवास्तव के द्वारा संतोषप्रद एवं समय सीमा के अंदर जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा डॉक्टर अनिता श्रीवास्तव को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

## तीन साल में 46 हजार 685 से घटकर अब हो गए 23 हजार 860

# साल दर साल कम हो रहे बोर्ड परीक्षा दिलाने वाले विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

10 वीं एवं 12वी बोर्ड परीक्षा दिलाने वाले छात्रों की संख्या अब साल दर साल कम होती चली जा रही है। तीन साल पहले जहां बोर्ड परीक्षा को लेकर 46 हजार 685 से अधिक आवेदन जमा होते थे। अब यह आंकडा घटकर 23 हजार 860 तक जा पहुंचा है। इतने सालों के भीतर करीब 22 हजार 825 छात्र कम हो गए है।

गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा छात्रो के पढ़ाई लिखाई को ध्यान में रखकर हर साल बड़े पैमाने पर करोडो रुपए खर्च करके बडे जोर एवं शोर के साथ प्रचार प्रसार भी किया जाता है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्रो को जागरूक नही कर पा रहे है। स्थिति यह है कि स्थानीय परीक्षा तो दूर की बात बोर्ड परीक्षा दिलाने को लेकर छात्र ध्यान तक नही दे रहे है। तीन सालों के आंकडो पर ही गौर करे तो पहले जहां 46 हजार 685 छात्र-छात्राएं 10 वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षा में शामिल होते थे। अब यह आंकड़ा घटकर 23 हजार 860 तक जा पहुंचा है। वर्ष 2023 एवं 24 के दौरान 10 वी बोर्ड परीक्षा में 26 हजार 497 एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा में 20 हजार 188 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इसी प्रकार वर्ष 2024 एवं 25 की 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 15 हजार 791 एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा में 10 हजार 938 वहीं वर्ष 2025 एवं 26 के दौरान 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 13 हजार 571 एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 10 हजार 289 छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे है। बोर्ड परीक्षा दिलाने वाले छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। प्रदेश के साथ-साथ जांजगीर चाम्पा जिले में फरवरी एवं मार्च महीने के दौरान बोर्ड परीक्षाओ का आयोजन छतीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा किया जाता है, लेकिन हर साल बोर्ड परीक्षा मे शामिल छात्रों की संख्या लगातार हर साल कम होता चला जा रहा है। इधर बोर्ड परीक्षा में पहले की अपेक्षा छात्रों की संख्या कम होने की प्रमुख वजह जिले में नकल पर अंकुश लगना एवं अधिकारियों द्वारा केन्द्रों में लगातार मॉनिटरिंग भी बताया जा रहा है।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते अधिकारी।

## क्राइम की खबरें

### नेवसा में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आरंभ

**हरदीबाजार।** ग्राम नेवसा में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 6 मार्च को कलश शोभा यात्रा से आरंभ होकर 13 मार्च को कथा विश्राम व 14 मार्च को तुलसी वर्षा,पूर्णाहुति, सहस्त्र धारा, प्रसाद एवं भंडारा के साथ समापन होगा । कथा प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से हरि इच्छा तक होगी। वहीं नित्य पूजन प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक होगी। कथा श्रवण भागवताचार्य पंडित मुरारी लाल त्रिपाठी कटघोरा वाले कराएंगे वहीं यज्ञाचार्य पंडित चंद्रहास त्रिपाठी राजपुरोहित कटघोरा वाले के द्वारा किया जाएगा। आयोजक यजमान भुवन-हीराबाई यादव, चंद्रकुमार देविका यादव एवं गंगाधर सुनीता यादव ने गांव क्षेत्र के सभी भागवत प्रेमीयों को कथा श्रवण करने और भोग भंडारा ग्रहण करने आग्रह किया है।

### गोपाल यादव बने जिला कांग्रेस महामंत्री

**हरदीबाजार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-



निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गोपाल यादव को मिली नई जिम्मेदारी बनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के महामंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोपाल यादव को महामंत्री बनाए जाने से संगठन को मजबूती मिलेगी। पूर्व में अनेक पदों की जिम्मेदारी श्री यादव द्वारा बखूबी निभाई गई। इस नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में हर्ष है। साथ उनमें ऊर्जा का संचार होगा। उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा एवं पार्टी की रीति नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

### ओगरे बने जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण के महामंत्री

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के



अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण की नई कार्यकारिणी को मंजूरी मिलने के साथ ही प्रवीण ओगरे को जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन रायपुर से प्रभारी महामंत्री (संगठन व प्रशासन) मलकीत सिंह गैदू द्वारा जारी पत्र में जिला अध्यक्ष मनोज चौहान की प्रस्तावित कार्यकारिणी को अनुमोदन दिया गया है। जैसे ही प्रवीण ओगरे के महामंत्री बनने की खबर सामने आई, रामपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रवीण ओगरे अपनी सक्रियता, मिलनसार स्वभाव और युवा नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं।

### संयंत्र परिसर में निकला कोबरा रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल में



**कोरबा।** डीएसपीएम प्लांट क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां काम कर रहे लोगों को अचानक एक जहरीला कोबरा सांप दिखाई दिया। सांप को देखते ही आसपास मौजूद लोग घबरा गए, लेकिन समझदारी दिखाते हुए किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने के बजाय लोगों ने तुरंत स्नेक कैचर टीम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही आरसीआरएस के अध्यक्ष अविनाश यादव अपनी टीम के सदस्य महेश्वर के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने कोबरा का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान आसपास मौजूद लोग सुरक्षित दूरी बनाकर खड़े रहे। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू के बाद कोबरा को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया, ताकि वह अपने वातावरण में वापस जा सके।

### बैगलेस डे पर बच्चों ने किया फन डांस

**चैतमा।** पाली विकासखंड अंतर्गत संकुल पटपरा अंतर्गत प्राथमिक शाला ठाड़पखना में शनिवार को बैगलेस डे के अवसर पर बच्चों के लिए रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक संतोष पटेल की उपस्थिति में सहायक शिक्षक लक्ष्मी तिवारी और शिक्षिका अनामिका महंत ने बच्चों को खेल-खेल में सीखने की गतिविधियां कराईं। इस दौरान बच्चों को संगीत की धुन पर मजेदार चिकन डांस कराया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को आनंद के साथ सीखने का अवसर मिला। साथ ही बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली भी खेला। विद्यालय में हर शनिवार को बैगलेस डे के तहत बच्चों के लिए अलग-अलग रोचक खेल गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

# शिवशक्ति समूह की लक्ष्मी बनी महिलाओं के संघर्ष की शक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला दिवस विशेष

आज के डिजिटल मार्केटिंग के दौर में सायकल से फेरे लगाकर समान बेचने के व्यवसाय को लोग गुजरे जमाने की बात कहते है। जब लोगों को बड़ी बड़ी कंपनियां उनको एक फोन कॉल में घर बैठे समान पहुंचा रही है ऐसे में कोई अकेली महिला हाथ से बने सामान को शहर की गलियों से लेकर गांव की पगडंडियों में पहुंचकर बेचने का काम करे तो निश्चित ही डिजिटल मार्केटिंग के दौर में एक साहसिक कदम होगा और इस काम को चरितार्थ किया है श्रमिक बस्ती परसाभांठा की लक्ष्मी महंत ने।

बालको नगर के श्रमिक बाहुल्य बस्ती परसाभांठा निवासी लक्ष्मी महंत ने अपने बच्चों के परवरिश के प्रति चिंतित रहा करती थी। पति और परिवार से किसी तरह का सहयोग नहीं मिलने के कारण लक्ष्मी ने कुछ करने की ठानी जिसके कुछ लोगों से आर्थिक सहायता लेकर थैला बनाकर बेचने का व्यवसाय करने का फैसला लिया। कम क़ीमत में शुरू होने वाला बिजनेस था इसलिए लक्ष्मी ने इसमें कदम बढ़ाते हुए इस व्यवसाय को चुना और फिर शुरू किया मार्केट से कपड़ा खरीदकर थैला बनाकर बेचने का व्यवसाय। व्यवसाय शुरू करने के दौरान तैयार किए गए थैले को मार्केट में बेचने के लिए मार्केटिंग करना सबसे बडी चुनौती थी और इस चुनौती को लक्ष्मी महंत ने स्वीकार किया और जुड़ गई। तैयार किए गए थैले को मार्केट में बेचने के लिए सायकल से प्रतिदिन लक्ष्मी बालको नगर के साथ कोरबा शहर के वार्ड की गलियों में घूम घूम कर थैले बेचने के लिए संघर्ष भरा काम किया। शुरूआत में लक्ष्मी महंत के इस कार्य को देखकर क्षेत्र के महिलाएं सहयोग नहीं किया करती थी लेकिन लक्ष्मी ने उन्हें धन की लक्ष्मी नहीं बल्कि संघर्ष की लक्ष्मी बनने का संदेश देकर अपने मार्केटिंग के व्यवसाय को शहर की चमचमाती सड़को से लेकर गांव की पगडंडियों तक पहुंचा दिया। आज लोग इसे बैग वाली लक्ष्मी के नाम से जानते हैं। प्रतिदिन अपने घर से इस मार्केटिंग करने के लिए सुबह घर से निकलकर शाम सूरज ढलने पर अपने घर पहुंचती थी। प्रतिदिन 500 से 600 रूपए कमाने वाली लक्ष्मी आज अपने झोपड़ेनुमा मकान को एसबेस्टस शीट वाले मकान में बदल दी है। लक्ष्मी का मानना है की आज डिजिटल मार्केटिंग के दौर में उनके इस काम को किसी ने स्वीकार नहीं किया किन्तु आज वह प्रतिमाह 15 हजार रूपये की आय अर्जित कर रहीं है जो आज एमेज़न और फ्लिपकार्ट के गीगवर्कर के रूप में अपनी आय अर्जित कर रही है। लक्ष्मी ने अपने इस काम से महिलाओं को यह संदेश दिया है कि महिलाओं की पहचान केवल धन की लक्ष्मी के रूप में नहीं है बल्कि संघर्ष की लक्ष्मी के रूप में भी है।

## साइकिल में फेरी लगाकर बेचती है हाथ से बने थैले

**खास बात**

- जब नहीं मिला आर्थिक आय का सहारा तो खुद शुरू किया अपना व्यवसाय



## गंदे पानी में सब्जी धोने को मजबूर हो रहे हैं पटेल समाज के लोग

# अहिरन नदी में जा रहा है नगर का गंदा पानी, फैल रही बदबू से आम लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर के बीच से होकर गुजरने वाली अहिरन नदी इन दिनों गंभीर प्रदूषण की चपेट में आ गई है। नगर का गंदा पानी लगातार नालों के माध्यम से सीधे नदी में गिराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नदी के पानी के बहाव को रोक दिए जाने के कारण गंदा पानी एक ही स्थान पर जमा हो गया है, जिससे नदी का स्वरूप अब गंदे तालाब जैसा दिखाई देने लगा है। इस वजह से आसपास का पूरा वातावरण दूषित होता जा रहा है और लोगों का जीना दूभर हो गया है।

**खास बात**

- सफाई व्यवस्था के प्रति स्थानीय प्रशासन बना हुआ है बेखबर

स्थानीय नागरिकों के अनुसार लंबे समय से नगर का गंदा पानी बिना किसी शोधन के सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है। पहले नदी का बहाव बना रहने के कारण पानी आगे निकल जाता था, लेकिन अब पानी रुक जाने से गंदगी लगातार जमा होती जा रही है। नदी में कचरा, गंदगी और सड़ांध के कारण तेज बदबू फैल रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ जाता है, जिससे बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। सबसे ज्यादा परेशानी सब्जी विक्रेताओं और आसपास के किसानों को उठानी पड़ रही है। मजबूरी में कई पटेल परिवार इसी गंदे पानी में सब्जियों को धोने के लिए विवश हैं। उनका कहना है कि साफ पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें यही गंदा पानी उपयोग करना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल उनकी मजबूरी को दर्शाती है बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन सकती है, क्योंकि वही सब्जियां बाजार में बिककर लोगों के घरों तक पहुंचती हैं। नगरवासियों का कहना है कि कई बार इस समस्या की शिकायत कई बार सम्बंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। यदि समय रहते नालों के गंदे पानी को नदी में गिरने से नहीं रोका गया और नदी के रुके हुए पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले समय में यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए। नदी की सफाई कराई जाए, नालों के गंदे पानी को रोकने के लिए उचित व्यवस्था बनाई जाए और नदी के प्राकृतिक बहाव को पुनः शुरू कराया जाए, ताकि नगर का वातावरण स्वच्छ रह सके। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को लेकर कितनी जल्दी सक्रिय होते हैं और नगरवासियों को इस बदहाल स्थिति से कब तक राहत मिल पाती है।





अहिरन नदी में प्रवाहित होता दूषित जल।

## छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ने हासिल किया देश में तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने राज्य विद्युत उपक्रमों के अंतर्गत आने वाले बिजलीघरों की समीक्षा के अनुसार छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी का कामकाज देश में तीसरे नंबर पर रहा है।

**खास बात**

- सीईए की रिपोर्ट में सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा पीएलएफ

छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के बिजली घरों विद्युत संयंत्र ने 87.11 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएएफ) के सर्वोच्च स्तर को स्पर्श किया है। 1840.67 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का कीर्तिमान रचा गया है। छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव और प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने इस उपलब्धि को शानदार टीम वर्क का परिणाम बताया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण राज्य क्षेत्र की 33 संस्थाओं के कामकाज का मूल्यांकन करती है। इसमें राज्य विद्युत मंडल और राज्य पॉवर कंपनियां शामिल होती है। सीईए की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ ने पंजाब, मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों को पीछा छोड़ा है। वहीं ओडिशा और पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ से आगे है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार विगत 15 वर्षों में एक बार ही इससे अधिक पीएलएफ अर्जित किया गया था। बताया गया है कि पूर्व के वर्षों में भी एक ही बार 87.11 प्रतिशत से अधिक पीएलएफ अर्जित किया गया था। इस तरह छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के इतिहास में दिसंबर में सर्वाधिक पीएलएफ अर्जित करने का यह दूसरा मौका है। यह उपलब्धि यह साबित करती है कि इस माह में विद्युत संयंत्र के संचालन में नगण्य व्यवधान उपस्थित हुआ। निर्धारित समय पर उचित रखरखाव प्रक्रिया का पालन करने से ऐसी उपलब्धियां दर्ज की जाती है

## सेंट्रल वर्कशॉप में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेण्ट्रल वर्कशॉप, एसईसीएल में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस एवं सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन समारोह मनाया गया। नेशनल सेफ्टी काउंसिल ऑफ इण्डिया के तत्वाधान में देश में औद्योगिक राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस एवं सुरक्षा सप्ताह 4 से 10 मार्च तक मनाया जाता है। सेण्ट्रल वर्कशॉप, एसईसीएल कोरबा के प्रांगण में वरिष्ठ कर्मचारी श्रीमती रामेश्वरी बाई के द्वारा सुरक्षा ध्वज का आरोहण किया गया। इस अवसर पर सेण्ट्रल वर्कशॉप, एसईसीएल के महाप्रबंधक गिरेंद्र कुमार द्विवेदी, कार्य प्रबंधक आरके गुप्ता एवं विभिन्न विभागों के प्रमुखों की उपस्थिति रही। महाप्रबंधक गिरेंद्र कुमार द्विवेदी के द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई। महाप्रबंधक ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्यों. सुरक्षा समिति के सदस्यों, एससी एसटी, ओबीसी काउंसिल के सदस्यों तथा महिलाओं को सुरक्षा दिवस एवं सुरक्षा सप्ताह की बधाई दी तथा सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ कर्मियों को अपने अधीन कर्मियों को मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया।

## दीपका खदान ने कायम किया कोयला उत्पादन का नया रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका खदान में उत्पादन में एक नया रिकार्ड बनाया है। दीपका खदान से एक ही दिन में 35.7 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया है। इसके पूर्व वित्तीय वर्ष 2018-19 में दीपका ने सर्वाधिक 34.99 मिलियन टन के उत्पादन को छुआ था। इस आंकड़े को पार करने में प्रबंधन को 5 साल लग गए।

**खास बातें**

- एक ही दिन में सर्वाधिक 35 .7 मिलियन टन किया कोयला उत्पादन
- खदान से ओवरबर्डन निष्पादन में 39 .84 एमक्यूबीक मीटर का आंकडा किया पार

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल के मेगा प्रोजेक्ट दीपका खदान ने 35.7 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर एक नया रिकार्ड दर्ज किया है। एसईसीएल कोल इंडिया लिमिटेड की दूसरी बड़ी उत्पादक कंपनी है। तीन मेगा प्रोजेक्ट्स गेवरा, कुसमुंडा और दीपका की एसईसीएल के आधे से ज्यादा उत्पादन में हिस्सेदारी होती है। दीपका खदान ने 28 फरवरी को 35.7 मिलियन टन के आंकड़े पर पहुंचते ही कोयला उत्पादन का एक नया रिकार्ड कायम किया। इसके पूर्व वित्तीय वर्ष 2018- 19 में दीपका ने सर्वाधिक 34.99 मिलियन टन के उत्पादन को छुआ था। इस आंकड़े को पार करने में पांच साल लग गए। 31 मार्च तक जब अंतिम आंकड़े आएंगे तक 35.7 मिलियन टन से कहीं अधिक उत्पादन दर्ज हो चुका होगा। दीपका के समक्ष चालू वित्तीय वर्ष में 40 मिलियन टन का उत्पादन लक्ष्य है। दूसरी ओर दीपका खदान ने ओवरबर्डन निष्पादन में 39.84 एमक्यूबीक मीटर का ऐतिहासिक आंकड़ा पार किया है। इसी तरह गुणवत्ता में भी 80 प्रतिशत ग्रेड कन्फर्मेशन का छुआ है, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## राखड़ डेम की रेजिंग कार्य में तकनीकी मानको का हो रहा उल्लघंन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के झाबू स्थित राखड बांध का तटबंध क्षतिग्रस्त होने के बाद कंपनी प्रबंधन द्वारा राखड़ बांध के तटबंध का मरम्मत और ऊंचाई बढ़ाने का काम शुरु कर दिया गया है। राखड़ बांध के रेजिंग का काम शंकर इंजीनियरिंग को दिया गया है। सूत्रों की मानें तो फिलिंग के लिए जेसीबी से सीधे राख डाली जा रही है और परत दर परत मजबूती देने वाली प्रक्रिया पर उतना ध्यान नहीं दिख रहा, जितना तकनीकी मानकों में जरूरी बताया जाता है।

**खास बात**

- कोरबा पश्चिम संयंत्र के झाबू राखड़ बांध का मामला

तकनीकी गाइडलाइन के मुताबिक बांध की ऊंचाई बढ़ाने से पहले बेस की स्ट्रिपिंग की जाती है। फिर वाइब्रेटर से कॉम्पैक्शन किया जाता है, ताकि नीचे की परत मजबूत हो। इसके बाद लगभग 300 मिमी यानी 0.30 मीटर की राख की लेयर डाली जाती है और उसे ठीक से दबाकर समतल किया जाता है। सिर्फ राख भर देना पर्याप्त नहीं होता। बीच में करीब आधा मीटर मोटी रेत की परत डाली जाती है, ताकि पानी का निकास बना रहे और अंदर दबाव न बढ़े। हर लेयर के बाद कॉम्पैक्शन अनिवार्य माना जाता है, ताकि भविष्य में धंसाव या रिसाव की समस्या न आए। कागजों पर यह प्रक्रिया संतुलित और वैज्ञानिक दिखती है। लेकिन सवाल यही है कि क्या मैदान में भी वही सटीकता बरती जा रही है? स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्षों में भी बांध की मजबूती पर सवाल उठते रहे हैं। हर बरसात के बाद दरार, रिसाव या टूटने की खबर सामने आती है। ऐसे में इस बार की रेंजिंग को लेकर उम्मीद भी है और आशंका भी। कुछ लोग इसे इंजिनियरों की सूझबूझ बता रहे हैं, तो कुछ इसे जल्दबाजी और खर्च बचाने की कोशिश मान रहे हैं। तकनीक बनाम जुगाड़ की यह लड़ाई कागजों पर नहीं, मैदान में तय होगी। असली परीक्षा बारिश में होगी, जब पानी दबाव बनाएगा और बांध अपनी मजबूती का सच बताएगा।

## धरने पर बैठे अधिवक्ताओं को मिला पाली-तानाखार विधायक का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ द्वारा किया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम धरना स्थल पहुंचे और अधिवक्ताओं के आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कटघोरा को जिला का दर्जा देने के लिए सरकार को गंभीरता से पहल करनी चाहिए। विधायक तुलेश्वर मरकाम ने कहा कि कोरबा जिले की सबसे पुरानी तहसील कटघोरा है लेकिन इसके बावजूद इसे अब तक जिला का दर्जा नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने कटघोरा के बाद बनी कई तहसीलों को जिला बना दिया, ऐसे में कटघोरा के साथ इस प्रकार का भेदभाव समझ से परे है। उन्होंने कहा कि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र खनिज संपदा से समृद्ध है और यहां डीएमएफ (जिला खनिज न्यास) की राशि भी सबसे अधिक है। यदि कटघोरा को जिला का दर्जा मिलता है तो क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पाली-तानाखार विधानसभा का क्षेत्रफल काफी बड़ा है और यहां आदिवासी समुदाय की आबादी भी अधिक है। ऐसे में यदि कटघोरा जिला बनता है तो पाली और तानाखार क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

## दो चरणों में होगा बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य दो चरणों में होगा। जिसके लिए दो मूल्यांकन केंद्र बनाए जाएंगे। पहला चरण 16 मार्च से होगा। उसके पूर्व बोर्ड के द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं की आपूर्ति पहले चरण के लिए कर दी जाएगी। दोनों मूल्यांकन केंद्रों में विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं की ड्यूटी अनिवार्य सेवा घोषित कर दी गई है। कोई भी व्याख्याता मूल्यांकन कार्य से इंकार नहीं कर सकेगा।

बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन के लिए तैयारियां शुरु हो गई हैं। साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं एनसीडीसी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। वहां के प्राचार्यों को मूल्यांकन केंद्र का प्रभारी बनाया गया है। मूल्यांकन के लिए सभी शिक्षकों की ड्यूटी के लिए स्कूल प्रबंधनों को पत्र भेज दिया गया है। मूल्यांकन कार्य अनिवार्य सेवा घोषित होने के साथ ही अब कोई भी व्याख्याता मूल्यांकन कार्य से इंकार नहीं कर सकेगा। वहीं दूसरी ओर जिस स्कूल के व्याख्याता की ड्यूटी मूल्यांकन केंद्र में लगाई जाएगी। उस स्कूल के प्राचार्य को हर हाल में मूल्यांकन ड्यूटी के लिए नामित किए गए व्याख्याता को स्कूल से कार्यमुक्त करना होगा। अब किसी भी तरह की हिल हवाला और मनमानी नहीं चल पाएगी। मूल्यांकन का दूसरा चरण 26 मार्च से शुरु होगा। संभवतः 15 अप्रैल तक सभी तरह की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने के बाद माह के अंत तक परीक्षा परिणाम भी घोषित किए जा सकते हैं।




## ग्राम नकिया में कलेक्टर की लगी चौपाल, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**कोरबा।** जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम नकिया में कलेक्टर पीवीटीजी ग्रामीणों के बीच पहुँचे। ग्रामीणों की उत्सुक निगाहें कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों पर टिकी थीं। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों के बीच पहुँचकर सहजता से कहा, मैं कलेक्टर हूँ, आप मुझे पहचानते हैं न, मैं आपकी समस्याएँ सुनने आया हूँ। राशन मिल रहा है न? महतारी वंदन योजना की राशि खाते में आ रही है न? आप लोग बताइए, आपके गाँव में क्या चाहिए? आम के पेड़ के नीचे खाट पर बैठकर कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्राम लेमरू, नकिया और श्यांग क्षेत्र का दौरा कर शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। ग्राम नकिया में उन्होंने पीवीटीजी परिवारों और ग्रामीणों के बीच दोपहर में चौपाल लगाकर उनकी समस्याएँ सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित ग्रामीणों को कलेक्टर ने बताया कि सभी का सर्वे किया जा चुका है। जो ग्रामीण सर्वे से छूट गए हैं, वे आवेदन दे सकते हैं। कलेक्टर ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि विगत माह फरवरी में कुछ स्थानों पर चावल वितरण नहीं हो पाया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चोरिया**
**जनपद पंचायत बम्हनीडीह**
**जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

क्र./26/बाजार नीलामी/ग्रा.पं./2026
चोरिया दिनांक 08.03.2026

**ईश्तहार**

एतद द्वारा ग्राम पंचायत चोरिया के समस्त नागरिक एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चोरिया के सामान्य बैठक दिनांक 02.03.2026 को प्र.क्र.04 पर सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत चोरिया के साप्ताहिक बाजार शनिवार एवं दैनिक बाजार निलामी वर्ष 2026-27 (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027) अवधि 01 वर्ष की खुली बोली दिनांक 18.03.2026 दिन बुधवार समय दोपहर 2:00 बजे से ग्राम पंचायत भवन चोरिया में किया जाना है, जिसमें अमानत राशि 10000.00 जमा कर निलामी प्रकिया में भाग ले सकते है, जिसकी नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत भवन चोरिया के सूचना पटल पर चस्पा है, एवं कार्यालयीन समय में चोरिया कार्यालय में देख सकते है।

**सचिव- ग्राम पंचायत चोरिया**
**जनपद पंचायत-बम्हनीडीह**
**जिला-जांजगीर (छ.ग.)**

**सरपंच-ग्राम पंचायत-चोरिया**
**जनपद पंचायत-बम्हनीडीह**
**जिला-जांजगीर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# जॉन की 'फोर्स 3' में हर्षवर्धन राणे की हुई एंट्री

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की फिल्म 'फोर्स' और 'फोर्स 2' 2011 और 2016 में रिलीज हुई थी। अब निर्माता इसकी तीसरी कड़ी लेकर आ रहे हैं जिसमें हर्षवर्धन राणे भी आधिकारिक तौर पर शामिल हो गए हैं। इस खबर ने उनके फैंस को खुश होने का बड़ा मौका दे दिया है। दिलचस्प बात यह है कि 'फोर्स 3' में अपने होने की पुष्टि हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया पर खुद की है। साथ ही, फिल्म के सेट एक वीडियो भी साझा किया है। हर्षवर्धन ने गुजरात में 'फोर्स 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। इससे पहले, उन्होंने इंस्टाग्राम पर मुहूर्त पूजा का एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह शूटिंग शुरू करने से पहले भगवान का आशीर्वाद लेते।

## लाइफ Style



# दिव्या

## 'चिरैया' सीरीज का दमदार ट्रेलर जारी

दिव्या दत्ता सिनेमा का वो चेहरा हैं, जो अपने अभिनय के दम पर दिल और दिमाग में छाप छोड़ जाती हैं। फिर वह कुछ ऐसा करते दिखाई देंगी, लेकिन इस बार उन्होंने भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दे को उठाया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या एक ऐसी कहानी ला रही हैं जिसके जरिए समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि 'शादी लाइसेंस नहीं देती' है। उनकी आगामी वेब सीरीज का नाम 'चिरैया' है जिसका दमदार ट्रेलर और रिलीज तारीख जारी हो गई है। 'चिरैया' का ट्रेलर 1 मिनट 43 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत एक आदर्श परिवार से होती है। दिव्या मुख्य किरदार में हैं, और संजय मिश्रा उनके पति की भूमिका निभा रहे हैं।

ट्रेलर के जरिए बताने की कोशिश की गई है कि शादी का मतलब यह नहीं होता कि पति को अपनी पत्नी की सहमति के खिलाफ जाकर उसके साथ जबरदस्ती करने का हक मिल जाएगा। सीरीज कई साल से चली आ रही समाज की मानसिकता पर सवाल उठाती है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित 'चिरैया' का निर्माण एसवीएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। दिव्या और संजय के अलावा, सिद्धार्थ शॉ, सरिता जोशी, फैसल राशिद, टीनू आनंद और प्रसन्ना बिष्ट जैसे सितारे सीरीज में अलग-अलग किरदारों के साथ दिखे हैं। सीरीज में कुल 6 एपिसोड हैं जिनका प्रीमियर 20 मार्च, 2026 से जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा।

## हॉलीवुड मसाला



# खुद को फिट और फाइन रखते हैं

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' सीरीज के स्टार डेनियल रेडक्लिफ ने अपनी फिटनेस जर्नी और सेहत के प्रति जुनून के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था कि उनकी लाइफस्टाइल काफी खराब थी, लेकिन अब वह फिटनेस को लेकर बेहद गंभीर हैं। डेनियल रेडक्लिफ ने बताया कि कैसे उन्होंने बुरी आदतों को छोड़कर जिम और हेल्दी रूटीन को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाया। डेनियल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि टीन एज में वह 'पूरे दिन कॉफी और सिगरेट' पर चलते थे।




# 19 साल बाद भारत लौट रहीं पॉप स्टार शकीरा

**मुंबई।** करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा। अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी।



# गांव की छोरी बनकर मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** सुपरस्टार राम चरण की आगामी फिल्म 'पेड्डी' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। 2025 में आई 'गेम चेंजर' की निराशाजनक परफॉर्मेंस के बाद, राम की इस फिल्म से लोगों की उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेड्डी' में जाह्नवी कपूर बतौर मुख्य अभिनेत्री नजर आएंगी। चूंकि 6 मार्च को अभिनेत्री 29 साल की हो गई हैं। इस खास मौके पर फिल्म से उनकी नई झलक जारी की गई है। आगामी 30 अप्रैल को रिलीज हो रही 'पेड्डी' में, जाह्नवी को 'अचियम्मा' के रूप में पेश किया गया है। पोस्टर में वह साहसी, आत्मविश्वासी और ऊर्जा से भरपूर दिखी हैं। सूती कपड़ों के साथ, गोल फ्रेम का चश्मा लगाए उनका लुक गांव की देहाती छोरी जैसा प्रतीत होता है।




# 'एस्पिरेंट्स सीजन-3' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** द वायरल फीवर की बेहद लोकप्रिय ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' अपने तीसरे सीजन के साथ धमाका करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 6 मार्च को निर्माताओं द्वारा इसका ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसके निर्देशन की कमान दीपेश सुमित्रा जगदीश ने संभाली है। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। यह 13 मार्च से भारत समेत दुनियाभर के 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में एक साथ दस्तक देगी। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' के ट्रेलर में कहानी को नए मोड़ पर पहुंचते हुए दिखाया गया है। सीरीज में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सनी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों के साथ लौटे हैं। वहीं जतिन गोस्वामी को नए चेहरे के रूप में कहानी में शामिल किया गया है।

## टीवी मसाला



# 'सरप्राइज, सरप्राइज!' एक बार फिर लौट रहे हैं अमिताभ

**मुंबई।** देवियों और सज्जनों, मैं, अमिताभ बच्चन, आप सभी का एक बार फिर स्वागत करता हूँ" यह आवाज़ जल्द ही आपके घरों में गूंजेगी। देश के सबसे पॉपुलर और पसंदीदा क्विज़ रियलिटी शो, "कौन बनेगा करोड़पति" का 18वां सीज़न टेलीविज़न पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोनी टीवी के शो का एक नया प्रोमो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें सदी के महानायक, अमिताभ बच्चन अपने पुराने अंदाज़ में शो की वापसी की घोषणा करते हुए दिख रहे हैं।

### चुलबुले अंदाज में प्रोमो की शुरूआत

प्रोमो की शुरुआत अमिताभ बच्चन के चुलबुले अंदाज़ से होती है। कैमरे के सामने आकर वह कहते हैं, "सरप्राइज़!" लाल वेलवेट कोट और काली पैंट पहने वह हमेशा की तरह डैपर लग रहे हैं। वीडियो में, बिग बी शीशे के सामने खड़े होकर अपनी बाहें फैलाते हुए कहते हैं, "सरप्राइज़!" हालांकि, बीच में वह एक छोटी सी गलती पर मुस्कुराते हुए कहते हैं, "सॉरी, मुझसे गड़बड़ हो गई," और फिर अपना वीडियो जारी रखते हुए केबीसी रजिस्ट्रेशन की घोषणा करते हैं।

### रजिस्ट्रेशन की तारीख का खुलासा

केबीसी के इस नए सीज़न का बेसब्री से इंतजार है। फैंस के लिए सबसे बड़ी खबर यह है रजिस्ट्रेशन की तारीख। वीडियो में साफ-साफ बताया गया है कि शो के सवाल और रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 9 मार्च से शुरू होंगे। दर्शक सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव ऐप के जरिए हिस्सा ले सकते हैं।

### स्कैम से सावधान रहने की अपील

प्रोमो के आखिर में एक जरूरी डिस्क्लेमर भी दिया गया है, जिसमें कंटेस्टेंट को किसी भी स्कैम या लॉटरी स्कैम का शिकार न होने की चेतावनी दी गई है। चैनल ने साफ किया है कि 'कौन बनेगा करोड़पति' कभी किसी से कोई फीस या चार्ज नहीं मांगता है।

### फैंस एक्साइटेड हैं

अमिताभ बच्चन और केबीसी का पुराना रिश्ता है। पिछले सीजन के आखिर में जब बिग बी इमोशनल हो गए थे, तो उनकी वापसी को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन अब, इस ऑफिशियल प्रोमो ने उन सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। फैंस अपने पसंदीदा होस्ट को फिर से हॉट सीट पर देखने के लिए बेताब हैं। सूत्रों के मुताबिक, नया सीजन जुलाई या अगस्त में आएगा।

# कार्तिक की नई हीरोइन प्रीति मुकुंदन कौन हैं
## 'नागजिला' से कर रहीं बॉलीवुड में एंट्री





**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अगली रोमांचक फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार चर्चा सिर्फ कार्तिक की नहीं, बल्कि उनके साथ नजर आने वाली अभिनेत्री प्रीति मुकुंदन की भी हो रही है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के बाद प्रीति अब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म के जरिए अपना बॉलीवुड सफर शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, फिल्म के निर्माता प्रीति के चयन से बेहद खुश हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रीति मुकुंदन इस भूमिका के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। वो फिल्म में एक बड़े मजेदार और कॉमेडी से भरपूर किरदार में नजर आएंगी, जो कहानी को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खुद प्रीति भी इस किरदार को लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि उन्हें दर्शकों के सामने अपना एक अलग अंदाज पेश करने का मौका मिल रहा है।

### *कौन हैं प्रीति मुकुंदन?*

*प्रीति एक अभिनेत्री, मॉडल और डांसर हैं, जो अब तक कई तेलुगू, तमिल और मलयालम भाषा की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रीति ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2024 में तेलुगू हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'ओम भीम बुश' से की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म 'स्टार' के जरिए तमिल सिनेमा में कदम रखा। उधर 'मैंने प्यार किया' उनकी पहली मलयालम फिल्म थी। प्रीति को विष्णु मांचू और अक्षय कुमार अभिनीत तेलुगू फिल्म 'कन्नप्पा' में भी देखा गया था।*

# टी-20 विश्व कप के समापन समारोह में आज प्रस्तुति देंगे रिकी मार्टिन, चलाएंगे सुरों का जादू

**अहमदाबाद।** टी-20 विश्व कप 2026 के समापन समारोह के लिए हर कोई उत्साहित है। यह शाम और ज्यादा रंगीन होगी, क्योंकि पॉप गायक रिकी मार्टिन अपनी लाइव प्रस्तुति से सभी का मन मोहने आएंगे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आधिकारिक पोस्ट साझा करते हुए यह खुशखबरी दी है। परफॉर्मेंस शाम 5:30 बजे से शुरू होंगी।'बता दें, क्रिकेट का यह फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा। रविवार 8 मार्च को होने वाले इस मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड से होगा।

***आईसीसी ने सोशल मीडिया पर किया ऐलान***

: आईसीसी ने रिकी मार्टिन के आगमन की पुष्टि करते हुए लिखा, 'टी-20 विश्व कप का जश्न और भी बड़ा हो गया है! हमें यह ऐलान करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि वैश्विक आइकन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल से पहले समापन समारोह में मुख्य कलाकार होंगे। यह एक ऐसा उत्सव है जिसे आप बिल्कुल भी छोड़ना नहीं चाहेंगे!

### जानिए कौन हैं रिकी मार्टिन

दो बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी मार्टिन, लोकप्रिय प्यूर्टो रिकन गायक, गीतकार और एक अभिनेता भी हैं। उन्हें सबसे ज्यादा 'लिविन' ला विडा लोका' के लिए जाना जाता है जो 1999 का लोकप्रिय हिट पॉप गाना है। इसने रिकी को वैश्विक स्तर पर रातों-रात चमका दिया था। उनके अन्य लोकप्रिय गानों में 'द कप ऑफ लाइफ', 'मारिया' और 'शी बैंग्स' शामिल हैं। बतौर अभिनेता उन्हें 'द असासिनेशन ऑफ जियानी वर्साचे' और 'जनरल हॉस्पिटल' जैसी सीरीज में देखा गया है।



## बोलीं- अक्षय कुमार की 'चेली' बनकर रहूंगी

# 'भागम भाग 2' में मीनाक्षी चौधरी की एंट्री पक्की



***मुंबई।*** *साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी अब बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि वो अक्षय कुमार की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म के सीक्वल 'भागम भाग 2' के जरिए हिंदी सिनेमा में अपनी शुरुआत करेंगी। मीनाक्षी ने इसे अपने करियर का एक बड़ा मोड़ बताते हुए कहा कि अक्षय जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का अवसर उन्हें बिल्कुल सही समय पर मिला है।*

### सही समय पर मिला सही मौका

वैराइटी इंडिया से बातचीत में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि ये मौका तब आया, जब मैं बिल्कुल इसी तरह की किसी चीज की तलाश में थी। मैं ऐसी कहानियां ढूंढ रही थी, जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सके। मैंने बचपन में इस फिल्म का पहला भाग देखा था और मुझे वो बहुत पसंद आया था, इसलिए इस फिल्म का हिस्सा बनना ऐसा लगता है जैसे ये बिल्कुल सही समय पर मेरे पास आई है।

### मीनाक्षी ने क्यों चुनी ये फिल्म

मीनाक्षी ने आगे कहा, इससे पहले कई प्रोजेक्ट्स मेरे पास आए थे, उनकी कहानियों में मेरी उतनी दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन जब 'भागम भाग 2' मेरे पास आई तो इसमें सिर्फ और सिर्फ हंसी और मनोरंजन का एहसास हुआ। मुझे लगता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप किसी भी भाषा के हों, इस फिल्म की कहानी और इसके किरदार आपसे जरूर जुड़ेंगे। आप चाहे किसी भी भाषा में इसे देखें, आप इसका भरपूर आनंद लेंगे।

### मैं तो सेट पर हाथ जोड़कर खड़ी रहूंगी

अक्षय की कॉमिक टाइमिंग के साथ तालमेल बैठाने के सवाल पर मीनाक्षी बोलीं, मैं सेट पर सबसे बड़ी छात्रा बनकर रहूंगी, जैसे गुरु के पास चेले होते हैं। वो जो कहेंगे, मैं वही सीखने और पालन करने की कोशिश करूंगी। मैं इस सेट पर वही बनने जा रही हूं और उनसे जितना हो सके, उतना सीखने की कोशिश करूंगी। आपको हर दिन किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम करने का मौका नहीं मिलता, जो अपने काम में इतना अद्भुत हो।

### अक्षय के साथ ये कलाकार भी आएंगे नजर

इस सीक्वल की कमान 'ड्रीम गर्ल' के निर्देशक राज शांडिल्य के हाथों में है, जिन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक रिलीज तारीख का खुलासा नहीं किया है। फिल्म में अक्षय के साथ कॉमेडी के बादशाह परेश रावल, मनोज बाजपेयी और अभिनेत्री आयशा खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। ये 2006 की सुपरहिट फिल्म 'भागम भाग' का आधिकारिक सीक्वल है, जिसका प्रशंसक सालों से इंतजार कर रहे थे।

## खबर संक्षेप

### इंग्लिश लर्निंग प्रोग्राम में छात्र ने राज्य स्तर पर दिखाई प्रतिभा



**सक्ती।** शासकीय प्राथमिक शाला झालरौंदा के कक्षा पांचवीं के छात्र प्रीतम आदिले ने इंग्लिश लर्निंग प्रोग्राम में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाई। पूरे छत्तीसगढ़ में पांचवां स्थान प्राप्त करते हुए छात्र ने इंग्लिश विषय में अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है। छात्र का चयन पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी भाषा के प्रति उतना प्रवाह नहीं था उस माहौल में छात्र ने लगातार विद्यालय की शिक्षिका चंचला चन्द्रा के मार्गदर्शन में अपना डब्ल्यूपीसी में अंग्रेजी सीखना जारी रखा। शिक्षक के द्वारा निरन्तर छात्रों को इसके लिए अभ्यास कराया गया। इससे छात्रों को बहुत लाभ अंग्रेजी सीखने में हुआ। शिक्षिका को निरन्तर प्रयास करके छात्रों को आगे लाने के लिए टीचर हीरो सम्मान भी प्रदान किया गया है।यह चयन अनेक चरण से होकर गुजारा है। विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा द्वारा इस प्रोग्राम को बच्चों तक पहुंचाने का निरन्तर प्रयास किया गया,जिसका परिणाम राज्य स्तर में चयन के रूप में विद्यालय को प्राप्त हुआ। इससे छात्रों में विषय के प्रति रुचि जागृत हुई है। छात्र अंग्रेजी के कठिन शब्दों को पढ़ पाने में सक्षम हो रहे हैं। ग्रामीण परिवेश के विद्यालय के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि रही। छात्र को इसके लिए प्रशस्ति पत्र और 1000 रूपये का वाउचर प्रदान किया गया है। वही शिक्षक के प्रयास से छात्र को आगे लाने के लिए प्रशस्ति पत्र से शिक्षक को भी सम्मानित किया गया है।

### सूर्यवंशी समाज लछनपुर-सतगंवा परिक्षेत्र का हुआ सामाजिक चुनाव



**देवरी-सारागांव।** सूर्यवंशी समाज लछनपुर–सतगंवा परिक्षेत्र का सामाजिक चुनाव 8 मार्च, रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। चुनाव में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर जगजीवन राम लाठियां, उपाध्यक्ष बेदराम गुरुजी, कार्यकारिणी अध्यक्ष बूटी लाल सूर्यवंशी, सचिव प्यारेलाल सूर्यवंशी, सह सचिव संतोष प्रधान, कोषाध्यक्ष भरतलाल प्रधान, सह कोषाध्यक्ष माधव प्रधान, संगठन सचिव डॉ. श्रद्धा रोलेज, शिक्षा सचिव विद्याभूषण लटियार, सांस्कृतिक सचिव भूषण प्रसाद सूर्यवंशी, मीडिया प्रभारी अरुण प्रधान तथा सूचना संवाहक अमृतलाल प्रधान को चुना गया। वहीं संरक्षक के रूप में छतराम रोलेज, गीताराम सूर्यवंशी लछनपुर, परशुराम लटियार कचंदा, जगदीश किरण कुरदा, राधेलाल सूर्यवंशी कुम्हारीखुर्द, हेमलाल करियारे खम्हिया और श्याम चरण प्रधान हनुमंता को मनोनीत किया गया। समाज के पदाधिकारियों के चयन पर उपस्थित लोगों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज के विकास के लिए मिलकर कार्य करने की अपेक्षा जताई।

### भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ कार्यसमिति के सदस्य बने राकेश राठौर

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ छतीसगढ़ की नवीन प्रदेश टीम की आज घोषणा की गई , जिसमे जांजगीर -चाम्पा जिले के युवा नेता राकेश राठौर को प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। इससे पूर्व वे जिला मीडिया सह प्रभारी जांजगीर, जिला आईटी सेल कार्यकारणी सदस्य, भाजयुमो नगर मंडल प्रशिक्षण प्रमुख व बूथ अध्यक्ष की जवाबदारी निर्वहन कर चुके है । उनकी नियुक्ति पर भाजपा रायगढ़ जिला प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र देवांगन, युवा नेता राहुल सेन,भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिमन्यु राठौर, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री शिव चमन सिंह, वार्ड नंबर वार्ड क्र 18 पार्षद दिनेश राठौर ,अनुराग तिवारी जी प्रदेश कार्य समिति सदस्य किसान मोर्चा अनुराग तिवारी जी ने हर्ष व्यक्त किया है।



### खोखरा में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरु

**जांजगीर-चांपा।** खोखरा के समलाई चौक स्थित धीवर निवास में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ 6 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कथावाचक पं. अभिषेक चतुर्वेदी द्वारा श्रद्धालुओं को संगीतमय कथा का रसपान कराया जा रहा है। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ का समापन 14 मार्च को होगा। कथा वाचक पंडित चतुर्वेदी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को परीक्षित जन्म, ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, सुदामा चरित्र सहित विभिन्न प्रेरणादायी प्रसंगों को सुनाया। 14 मार्च को पूर्णाहुति, गीता पाठ, तुलसी पूजन एवं हवन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस आयोजन के मुख्य यजमान हनुमान प्रसाद,श्रीमती बुधवारी बाई धीवर हैं। आयोजनक ने ग्रामवासियों क्षेत्र वासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म का लाभ लेने की अपील की है।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ऑडिटोरियम में मेगा हेल्थ कैम्प एवं नारी शक्ति का हुआ सम्मान

# हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही महिलाएं : मिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रदेश की महिलाओं को सौगात देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन योजना अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय वृहद महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सहित जिले के 2 लाख 81 हजार 259 महिला हितग्राहियों को राशि अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जिले के विकासखंड नवागढ़ के ग्राम तेंदुभाठा की श्रीमती सरस्वती केंवट से संवाद किया।

- मुख्यमंत्री ने ग्राम तेंदुभाठा की सरस्वती केंवट से किया संवाद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार 8 मार्च को वृहद महतारी वंदन सम्मेलन एवं मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन ऑडिटोरियम जांजगीर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन का वर्चुअल माध्यम से प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष इंजीनियर सत्यलता आनंद मिरी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर, श्रीमती प्रियंका सिंह, श्रीमती मोहन कुमारी, श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, श्रीमती अनुराधा शुक्ला, श्रीमती उमा सोनी, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री मोहन यादव, अमर सुल्तानिया, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, सुरेश जायसवाल, देव प्रसाद बर्मन, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि हर वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। मातृशक्ति हमारे समाज के लिए वंदनीय है और आज महिलाएं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और यह सिद्ध कर रही हैं कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। जिले में महिलाओं की आजीविका में लगातार सुधार हो रहा है और उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है। महतारी वंदन योजना, बीसी सखी योजना सहित अन्य योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक संबल मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, इसलिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से जल संचय अभियान से जुड़कर सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। शिक्षा, खेल, विज्ञान, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्र में बेटियों ने यह साबित किया है कि यदि उन्हें समान अवसर और सही मार्गदर्शन मिले तो वे किसी से भी कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तब होती है जब बेटियां सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती हैं।इसलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करें, उन्हें आत्मविश्वासी बनाएं और उनके सपनों को साकार करने में सहयोग दें। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी महिलाओं से स्वच्छता और जल संचय अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन कर उपस्थित महिलाओं को लाभान्वित किया गया। सक्षम योजना एवं छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत ऋण योजना के तहत महिलाओं को ऋण व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।



जिला मुख्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती जिला पंचायत अध्यक्ष एवं मंचस्थ अन्य अतिथिगण।

### छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने किया नारी शक्ती का सम्मान



**सक्ती।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को शॉल, श्रीफल एवं पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर रविवार 8 मार्च को छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन सक्ती के द्वारा सक्ती के रेस्ट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष रामनरेश यादव ने संस्था का परिचय दिया। उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल के द्वारा नारी के सम्मान मे कहा नारी घर को स्वर्ग बन सकती है वही नारी घर को नर्क बना सकती है। अनूप अग्रवाल ने कहा महिलाये किसी भी क्षेत्र में पुरुष से पिछे नहीं है । संजय रामचन्द्र ने कहां आज महिला दिवस पर हम नारी का सम्मान करें हमेशा नारी का सम्मान करना चाहिए। सभी सदस्यो के द्वारा महिलाओं को सोल एवं श्रीफल,पेन से सम्मानित किया गया। कार्यकम मे उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप अग्रवाल,उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल ,जिला अध्यक्ष राम नरेश यादव, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गवेल, सहसचिव गोपाल गौतम, महासचिव गोविंद देवांगन, महिला उपाध्यक्ष दीपमाला राठौर ,सह सचिव नितिन सोनी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भुरु अग्रवाल, मीडिया प्रभारी नारायण राठौर, मीडिया सह प्रभारी ऊकार यादव,सदस्य कमल आगवाल,राजा सोनी आदि सदस्य की उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंत में आभार प्रदर्शन महिला उपाध्यक्ष श्रीमती दीपमाला राठौर ने किया।

## सीआरपीएफ जवान ट्रेनिंग पूरी कर लौटा गृहनगर, बैंड बाजा के साथ किया स्वागत

**राहौद।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ( सीआरपीएफ ) में चयन के बाद ट्रेनिंग पूरी कर अपने गृह नगर राहौद आगमन पर जवान अमन लदेर का नगर में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमन केरल पेगनूर कैंप सीआरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद प्रथम पोस्टिंग पुलवामा बटालियन (जम्मू कश्मीर) से महीने भर की छुट्टी लेकर शुक्रवार को उनका पहली बार नगर आगमन हुआ। अमन ने गृहनगर पहुंचने से पहले से मारूति धाम मेहंदी में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात राहौद पहुंचने पर अटल परिसर बुंदेला चौक भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सलामी दी। वहीं अटल परिसर से धुमाल बैंड की देश भक्ति गीत के साथ भव्य स्वागत रैली निकाली गई, इस दौरान सीआरपीएफ जवान अमन का जगह- जगह गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। नगरवासी जवान अमन लदेर का फूल माला व श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया। महिलाओं ने आरती उतारकर व तिलक लगाकर आशीष प्रदान किया । सूरज शंकर लदेर व माता दुलौरीन लदेर ने नगरवासियों का सहर्ष अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर प्रतिभा देवी कश्यप अध्यक्ष नपं राहौद,आरती योगी पूर्व अध्यक्ष नपं राहौद, उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल, सभापति श्री संतोष यादव,अमित अनंत, राजेश यादव, विमल मनहर, पार्षद परम कुर्रे, पार्षद अवंतिका गुप्ता, पूर्व नपं अध्यक्ष वीरेंद्र योगी, संतोष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष नपं, संतोष लहरे, धीरेंद्र योगी, ऋषभ नाथ योगी बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नगरवासी शामिल हुए।




## उत्तम शिक्षा की व्यवस्था करना धर्म का काम : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

श्री महन्त लाल दास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय शिवरीनारायण के स्नातक द्वितीय एवं स्नाकोत्तर पूर्व के छात्र-छात्राओं द्वारा अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया।

- महन्त लाल दास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में विदाई एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित

मुख्य अतिथि अविभाजित मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री सत्यनारायण शर्मा थे। अध्यक्षता ज्योतिंद्रनाथ ठाकुर मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि- प्रत्येक छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में सफल व्यक्ति के पास जाना चाहिए, चर्चा करनी चाहिए, पूछना चाहिए कि आपने अपने जीवन में सफलता कैसे प्राप्त किया। इससे आपको भी अपने जीवन में कामयाबी मिलेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए उत्तम शिक्षा की व्यवस्था करना बहुत बड़ा धर्म का कार्य है। कार्यक्रम अध्यक्ष श्री ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्र-छात्राओं से कहा कि इस दुनिया में कोई भी चीज एक दूसरे को देने के लिए ही बने हैं। हम जहां भी जाएं अच्छा काम करें। अपने संस्था, अपने माता-पिता, अपने गुरु का नाम रोशन करें। जीवन आसान नहीं होने वाला है जो लोग यहां से शिक्षा लेकर जा रहे हैं। क्या राम और कृष्ण राज परिवार से नहीं थे, क्या उन्हें अपने जीवन में अत्यधिक संघर्ष करना नहीं पड़ा। हम सब के जीवन में भी ऐसे ही क्षण आते जाते रहते हैं। इसके पूर्व छात्र-छात्राओं को श्री महन्त लाल दास शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शर्मा जब शिक्षा मंत्री थे, तब उन्होंने बिना मांगे विद्यालय को महाविद्यालय के रूप में परणीत किया यह महाविद्यालय उनके विकासशील सोच का ही परिणाम है। यहां का सभागार आज उनके स्वागत में खचाखच भरा हुआ है। अति विशिष्ट अतिथि तोय निधि वैष्णव ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। आभार संस्था के सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर निरंजन लाल अग्रवाल, नारायण खंडेलिया, योगेश शर्मा, उदय राम कैवर्त, सुबोध शुक्ला, हेमंत दुबे, सुखराम दास, अशोक शर्मा, अनिल बरोड़िया, जगदीश यादव, प्राचार्य आरके कश्यप, कमलेश पटेल, जे आर कश्यप, आशुतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे, पुरेंद्र सोनी, अंकित दुबे सहित लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




कार्यक्रम में उपस्थित छात्र–छात्राओं को संबोधित करते अतिथि।

## वैभवी ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 35 वां स्थान प्राप्त कर नगर को किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सुश्री वैभवी अग्रवाल ने 35 ववां स्थान प्राप्त कर नगर वासियों को गौरवान्वित किया है। वैभवी नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. श्रीराम मुकीम की नातिन एवं स्व. प्रतिभा अग्रवाल की पुत्री है। वैभवी अग्रवाल के पिता शीतल अग्रवाल गुढ़ियारी में व्यवसाय करते हैं। नगर के गौरव मुकीम ने बताया कि उनकी भांजी सुश्री वैभवी अग्रवाल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय रायपुर से करने के बाद प्रथम प्रयास में ही आईआईटी बॉम्बे में चयनित होकर वहां से बीटेक एवं एम टेक की डिग्री प्राप्त कर यूपीएससी की तैयारी में जुट गईं। प्रथम प्रयास में वैभवी ने यूपीएससी की मेंस परीक्षा दी लेकिन इंटरव्यू के लिए सिलेक्शन नहीं हुआ , द्वितीय प्रयास में वैभवी प्रिलिम्स की परीक्षा भी पास नहीं कर सकी लेकिन तृतीय प्रयास में वैभवी ने ऑल इंडिया रैंक 35 वां स्थान प्राप्त कर लिया । शुक्रवार की शाम यूपीएससी की परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद वैभवी अग्रवाल के 35 वां रैंक हासिल करने की जानकारी मिलने पर मुकीम परिवार एवं नगर वासियों के द्वारा मिठाई बांटकर हर्ष व्यक्त कर इस उपलब्धि को नगर वासियों के लिए गौरव पूर्ण बताया गया।



### देवी दाई मंदिर में नवरात्र पर्व की तैयारी जोरों पर

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के पुरानी बस्ती स्थित मां देवी दाई मंदिर मे शारदीय चैत्र नवरात्र की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। मंदिर परिसर को साफ-सफाई किया जा रहा है एवं रंग रोगन किया जा रहा है। साथ ही ज्योति कलश प्रज्वलन हेतु तैयारी की जा रही है जो इस वर्ष 19 मार्च हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा के दिन नवरात्र प्रारंभ होगी एवं घट एवं ज्वारा स्थापना की जाएगी। मां देवी दाई मंदिर में इस वर्ष सकल मनोरथ हेतु दुर्गा सप्तसती का पाठ किया जायेगा। अतः पाठ एवं मनोकामना ज्योति रसीद हेतु मंदिर परिसर मे भक्त संपर्क कर सकते है जो भक्त सच्चे मन से मां देवी दाई की प्रार्थना करते है माँ देवी दाई उन सभी भक्त की मनोकामना मां अवश्य ही पूरी करती है। उक्त जानकारी मंदिर पुजारी प. सुदीप उपाध्याय ने दी।

## राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणीकरण की तैयारियां शुरू

**मालखरौदा।** विकासखंड अंतर्गत आने वाले 6 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीहरीद, सपिया , सारसकेला, कुरदा , छपोरा और भठोरा को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के अनुरूप विकसित करने के लिए तैयारियां चल रहा हैं। इस कार्य में यूनिसेफ छत्तीसगढ़ द्वारा निरंतर तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है जिसमें डॉ गजेंद्र सिंह स्वास्थ्य विशेषज्ञ की टीम यूनिसेफ के तकनीकी मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही विकासखंड के आर एम ए, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आर एच ओ (महिला/पुरुष) इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हो रहे है। इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणीकरण मानकों के अनुसार सुधार किए जा रहे हैं। यूनिसेफ के तकनीकी मार्गदर्शन से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने तथा आम नागरिकों को बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं, प्रशिक्षण तथा अन्य तैयारियां की जा रही हैं। डॉ मृत्युंजय कुमार राठौर खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा जानकारी दिया है कि 12 मार्च से 19 मार्च 2026 तक इन 6 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का वर्चुअल एसेसमेंट किया जाएगा जिसका आवश्यक तैयारी किया जा रहा है।

- यूनिसेफ छत्तीसगढ़ का लगातार मिल रहा तकनीकी सहयोग



प्रशिक्षण में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की टीम।

हास्य, श्रृंगार और वीर रस की कविता पर देर रात तक गूंजती रही तालियां

## नंदा जाही कारे, नंदा जाही कारे से गूंजा कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

होली पर्व के अवसर पर नगर के शास्त्री चौक मे हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन सामाजिक संस्था "एक सेवा भाव संस्था पहल" द्वारा किया गया। शाम को शुरू हुआ यह कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कवियों ने अपनी दमदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को हंसी, भावनाओं और देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, लक्ष्मण मुकीम ,मंजू सिंह एवं बिहारी लाल ताम्रकार की उपस्थिति में सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि नगर में होली के अवसर पर मूर्ख सम्मेलन के माध्यम से हास परिहास की परंपरा बहुत पहले से थी। पहल संस्था के द्वारा इस परंपरा को कवि सम्मेलन के माध्यम से पुनर्जीवित करने की अनुपम पहल की गई है। ऐसे आयोजनों से नगर की सांस्कृतिक परंपरा मजबूत होती है और लोगों को सकारात्मक संदेश मिलता है। मंच पर उपस्थित लक्ष्मण मुकीम, मंजू सिंह और बिहारी लाल ताम्रकार ने भी अपने संबोधन में इस आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत श्रृंगार रस की कवयित्री सोम प्रभा नूर ने सरस्वती वंदना से की। इसके बाद उन्होंने श्रृंगार रस की कविता प्रस्तुत करते हुए कहा कि मैं होली आओ प्रेम और भावनाओं से भरी वृंदावन वाली, तुम मेरे घर के आंगन पखेरू बनकर पधारो, मैं उसी देवालय की सीढ़ी हूँ, जिसके तुम भगवान प्रिय हो। कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश से आए कवि राशिकांत यादव ने किया। उन्होंने अपनी रचना की पंक्तियां सुनाईं "नज़रों की बात करता हूँ, सात वचनों की बात करता हूँ, एक लड़का बड़ा दीवाना है, मेरे सपनों की बात करता है। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कवि मीर अली मीर ने नंदा जाही कारे, नंदा जाही कारे जैसी लोकधुनों से सजी प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन में भरत द्विवेदी, मयंक शर्मा, वंशीधर मिश्रा, रमेश सोनी और राजेश उर्मिल ने भी अपनी रचनाओं से कार्यक्रम में हास्य और मनोरंजन का रंग घोल दिया। अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी आमंत्रित कवियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।




कवितयों को स्मृति चिन्ह भेंट करते विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य अतिथि।

